रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1913] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 6, 2017/आषाढ़ 15, 1939
No. 1913] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 6, 2017/ASADHA 15, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 जुलाई, 2017

का.आ. 2147(अ).—भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. 64 (अ), तारीख 7 जनवरी, 2016 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण में, उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट राजपत्र, की प्रतियां जनता को 7 जनवरी, 2016, को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, पूर्वोक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुक्षाव प्राप्त नहीं हुए हैँ;

और, कर्नाटक सरकार द्वारा अधिसूचना सं. एएफडी 58 एफडब्ल्यूएल 74, तारीख 17 जून, 1974 द्वारा अधिसूचित रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य कर्नाटक राज्य के हावेरी जिला के हावेरी और ब्यादगी ताल्लुकों के रानेबेन्नूर में अवस्थित है और उत्तर अक्षांश 14^0 34' और 14^0 46' तथा पूर्व देशांतर 75^0 30' और 75^0 47' के मध्य है तथा 119 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल तक फैला हुआ है तथा क्षेत्र मुख्यत: झाड़ी वन और युकेलिप्टस पौधों से ढंका है ।

और, पेड़ पौधों के अंतर्गत अकेशिया कटेचू, प्रोसोपिस जूलीफोरा, डोडोनिया विस्कोसा, अकेशिया संड्रा, जिजिफस मारिशिनिया, रेंडिया स्पेसिया और केसिया ओरिक्युलेटा, केसिया फिस्टुला, नीम(अजाडिरेक्टा इंडिका),

होलोपटेलिया इंटेग्रिफोलिया, मधुका इंडिका, फिकस स्पेसिया और बांस हैं, जिनको अभयारण्य की सड़कों के साथ रोपा गया है; अभयारण्य इसके ब्लैकबक और लोमड़ी जनसंख्या के लिए प्रसिद्ध हैं तथा अन्य स्तनधारियों के अंतर्गत जंगली सूअर, लोमड़ी, सियार, लंगूर, साही, सामान्य नेवला, खरगोश और साल है ; अभयारण्य के ईरानीगुड्डा क्षेत्र में लकड़बग्घा भी पाए जाते हैं; अभयारण्य की स्थापना से ब्लैकबक की संख्या में निरंतर वृद्धि देखी गई है और वर्ष 2005 तक अभयारण्य की छोटी घास वाले मैदानों, एक बड़ा धावी पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड भी देखा जाता था तथा ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की अतिरिक्त अभयारण्य में पक्षी-जीवों के अंतर्गत मोर, कोयल, ग्रे बेब्बलर, स्नाइक, ब्लैक ड्रोंगो, भूरा तीतर, सेंड ग्रोउज, बुश क्वैल और बहुत से अन्य हैं।

और, रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिक और पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य में रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य की सीमा से 100 मीटर से 4.60 किलोमीटर तक के विस्तार तक के क्षेत्र को रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार, रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 100 मीटर से 4.60 किलोमीटर के विस्तार तक 112.74 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है और ऐसे जोन की सीमा का विस्तृत रूप **उपाबंध I** में दिया गया है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले 38 ग्रामों की सूची प्रमुख बिन्दुओं के भू-निर्देशांकों के साथ **उपाबंध II** के रूप में उपाबद्ध है।

(3) अक्षांश और देशान्तर के साथ सीमा वर्णन के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध III** के रूप में उपाबद्ध हैं।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन के साथ-साथ अभयारण्य सीमा के प्रमुख बिंदुओं के भू- निर्देशांक **उपाबंध IV** के रुप में उपाबद्ध है।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस तरह, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि ;

(iv) राजस्व;

(v) नगर विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र द्वारा विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग का विवरण किया जाएगा ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगा और अनुच्छेद 4 की सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का पालन करेगा और स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए पारिस्थितिक-अनुकूल विकास को सुनिश्चित करेगा और बढ़ावा देगा।

(8) आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के संबंध में अपने कार्यों के बाहर ले जाने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय**-- राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा।:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन निगरानी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के रूप में लागू होंगे, जो स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए है, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक पारिस्थितिक पर्यटन में सम्मिलित ग्रह वास; और

(v) अनुच्छेद 4 के अंतर्गत दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप है:

परंतु यह और भी राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 यातत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों और चैनलों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे जो कि आंचलिक महायोजना के भाग रूप में होगी ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, कर्नाटक प्रदेश सरकार द्वारा कर्नाटक सरकार के राजस्व विभाग और वन विभाग, के परामर्श से तैयार की जाएगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के संबंध में अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर भीतर होटल और रिसोर्टों का नया संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होगा:

परन्तु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक नए होटल और रिसोर्ट की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधा के लिए पूर्व परिभाषित और विनिर्दिष्ट स्थान में ही अनुज्ञात किया जाएगा ;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, (समय-समय पर यथा संशोधित) द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986,के अधीन बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम ,2000 के उपबंधों के अनुसार तैयार करेगा

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण सामान्य मानकों के लिए पर्यावरणीय प्रदूषित आच्छादित के निस्सारण के अंतर्गत पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा तथा पर्यावरण की सरंक्षण के लिए मानक और अधिक कठोर बनाये जा सकते हैं।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ख) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(ग) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(घ) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में कोई सामान्य उपचार सुविधा या जलाया जाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन**: - पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन**: - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए किए गए प्रयास उदाहरण के लिए सीएनजी, आदि हैं ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां**: - (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन के बाद या प्रकाशन में, पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो। इसके अलावा, गैर-प्रदूषित कुटीर उद्योगों को प्रतिषिद्ध किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों के संरक्षण के अंतर्गत:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) संशोधनों सहित शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

IndiaCode

क्रम सं.	**क्रियाकलाप**	**टिप्पणियां**
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां प्रतिषिद्ध होंगी । तथापि, वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना विद्यमान विनियमों के अनुसार अनुज्ञात होंगे । (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सिविल) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वथा होंगे ।
2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि आदि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	कोई नई और पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति दी जाएगी ।पारिस्थितिक संवेदी जोन के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो ।

3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित प्रवाह के निर्वहन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल की स्थापना और सामान्य जलाए जाने की सुविधा के लिए ठोस और जैव चिकित्सा अपशिष्ट।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान की कोई नई ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और अपशिष्ट उपचारित/प्रसंस्करण सुविधा की अनुमति नहीं है । औद्योगिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रतिष्ठान अस्पतालों, आदि से उत्पन्न या किसी भी ठोस अपशिष्ट के उपचारित के लिए सामान्य या व्यक्तिगत जलावतरण की सुविधा का अधिकतर प्रतिषिद्ध है ।
7.	फर्मों, कंपनियों आदि द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
9.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	जलावन लकड़ियों का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
11.	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी पर्यटकों की लघु संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे, अन्यथा नहीं । परंतु, जहाँ पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार एक किलोमीटर से ज्यादा है वहाँ, एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो, की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

		परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण; (iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन जिस में सहायक हो ग्रह वास; और (v) इस अधिसूचना में संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : (ख) परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ग) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार

IndiaCode

		विनियमित होगी ।
15.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एन.टी.एफ.पी.) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल को बढ़ावा दिया जाएगा)।
17.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना ।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
19.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
23.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने और अवमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन किया जाएगा । अन्यथा लागू विधियों के अधीन उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
24.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग ।	विनियमित और उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

IndiaCode

27.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
31.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
36.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. निगरानी समिति- केंद्रीय सरकार द्वारा, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदन्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की प्रभावी निगरानी के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया गया, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:--

(क) क्षेत्रीय आयुक्त, बेलागावी -अध्यक्ष ;

(ख) विधान सभा के सदस्य, रानेबेन्नूर - सदस्य;

(ग) विधान सभा के सदस्य, हावेरी – सदस्य;

(घ) विधान सभा के सदस्य, बयादगी – सदस्य;

(ड.) क्षेत्रीय अधिकारी, कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - सदस्य;

(च) कर्नाटक सरकार के पर्यावरण विभाग का प्रतिनिधि – सदस्य;

(छ) कर्नाटक सरकार के शहरी विकास विभाग का प्रतिनिधि – सदस्य;

IndiaCode

(ज) गैर सरकारी संघठन का एक प्रतिनिधि जो पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है जिसे कर्नाटक सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए नाम निर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य;

(झ) पर्यावरण और पारिस्थिति के क्षेत्र में तीन वर्ष की अवधि के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किए जाने वाला एक विशेषज्ञ - सदस्य;

(ञ) उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि, हावेरी जिला - सदस्य;

(ट) राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य -सदस्य;

(ठ) सहायक वन संरक्षक, रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य, वन्यजीव उपमंडल, रानेबेन्नूर –सदस्य-सचिव।

*(कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा अन्य बातों के साथ, सुसंगत अनुमोदन अभिप्राप्त करने के अध्यधीन, जिसके अंतर्गत विधान सभाध्यक्ष, कर्नाटक की अनुज्ञा, यदि कोई हो, है)

6. निर्देश निबंधन.-

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) निगरानी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध V** में उपबंधित रूप में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/136/2015-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

पारिस्थितिक संवेदी जोन में रानेबेन्नूर ब्लैकबक अभयारण्य की सीमाओं का विवरण

खंड -1 : *हुल्लाट्टी-हुनसीकट्टी खंड*

उत्तर : सीमा रेखा धारा के बिन्दु के निर्देशांक उ 14⁰ 43' 2.47 पू 75⁰ 40' 14.26 के साथ मैधुरा ग्राम के सर्वे सं. 9 के उत्तर-पश्चिम कोण से आरंभ होकर और पूर्व की ओर 14 और 13 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से होते हुए जाती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 13, 94 की बाहरी सीमा के साथ जाती है और इसके अतिरिक्त उत्तर की ओर कुदरीहाला ग्राम के सर्वे सं. 94 एवं 95 के अंर्त राज्य सीमा से होते हुए जाती है फिर यह सामान्य ग्राम सीमा के मैधुरा ग्राम के सर्वे सं. 82 कुदरीहाला के सर्वे सं. 95 के द्वि-जंक्शन बिन्दु पहुँचती है । इसके बाद रेखा सर्वे सं. 95, 105, 104, 111, 112, 114 की बाहरी सीमा जाती है फिर यह कुदरीहाला ग्राम के सर्वे सं. 114 एवं 125 के सामान्य बिन्दु पहुँचती है । इसके बाद रेखा उपनिवेश के निकट बिन्दु के निर्देशांक उ 14⁰ 43' 26.72 पू 75⁰ 41' 47.41 के साथ पूर्व की ओर जाती है, इसके बाद रेखा कुदरीहाला ग्राम के सर्वे सं. 10 से पूर्व की ओर जाती है और इसके अतिरिक्त सर्वे सं. 6 एवं 9 की बाहरी सीमा के साथ जाती है फिर यह छोटे धारा के सर्वे सं. 9 पहुँचती है, इसके बाद रेखा सर्वे सं. 14, 15 से पूर्व की ओर जाती है और इसके अतिरिक्त रेखा तुंगभद्रा नदी की आंतरिक सीमा के साथ जाती है यह निर्देशांक उ 14⁰ 43' 13.88 पू 75⁰ 42' 53.05 के साथ बिन्दु पहुँचती है।

पूर्व : बिन्दु के ऊपर से रेखा हिलादहल्ली ग्राम के सर्वे सं. 101 के उत्तरी बिन्दु पहुँचकर दक्षिण की ओर जाती है, इसके बाद दक्षिण से पूर्व की ओर सर्वे सं. 108 एवं 107 के द्वि-जंक्शन बिन्दु पहुँचती है और सर्वे सं. 108 की बाहरी सीमा से होते हुए जाती है, इसके अतिरिक्त सर्वे सं. 107 से सर्वे सं. 106, 60 एवं 61 के त्रि-जंक्शन बिन्दु द्विविभाजित करती है । इसके बाद रेखा दक्षिण पूर्व दिशा में कर्ण रुप में सर्वे सं. 61 में द्विविभाजित करती है एवं इसके अतिरिक्त सर्वे सं. 62 से सर्वे सं. 62 एवं 61 के द्वि-जंक्शन बिन्दु पहुँचकर द्विविभाजित करती है और इसके बाद रेखा सर्वे सं. 65 एवं 66 की बाहरी सीमा से होते हुए जाती है । इसके बाद रेखा सर्वे सं. 67 से निर्देशांक उ 14⁰ 41' 57.08 पू 75⁰ 43' 17.32" के साथ हिलादहल्ली और उधघट्टा ग्राम की अंर्त ग्राम सीमा के बिन्दु पहुँच कर द्विविभाजित करती है। इसके बाद रेखा दक्षिण की ओर सर्वे सं. 53 एवं 52 द्विविभाजित करती है, इस बिन्दु से रेखा सर्वे सं. 52 एवं 51 के द्वि-जंक्शन पहुँच कर दक्षिण पश्चिम दिशा में जाती है, इस बिन्दु से रेखा उधघट्टा

अन्कासापुरा ग्रामों की अंर्त ग्राम सीमा के उधघट्टा ग्राम के सर्वे सं. 46 एवं 45, अन्काशापुरा ग्राम की सर्वे सं. 29/1 के त्रि-जंक्शन बिन्दु पहुँच कर दक्षिण पश्चिम दिशा में जाती है। इसके बाद रेखा ग्राम सीमा के उधघट्टा ग्राम के सर्वे सं. 45 के साथ दक्षिण की ओर से होते हुए जाती है, इसके बाद अन्कासापुरा के सर्वे सं. 29/1 के दक्षिण पश्चिम बिन्दु से जाती है, इसके बाद रेखा पश्चिम की ओर जाकर जहाँ अन्कासापुरा ग्राम की सर्वे सं. 29/1 एवं 29/2 से मिलती है। इस बिन्दु से रेखा दक्षिण पश्चिम दिशा में सर्वे सं. 17/2 एवं 22 के द्वि-जंक्शन बिन्दु जाती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 18/4 एवं 43/1 के द्वि-जंक्शन पहुँच कर दक्षिण की ओर जाती है, इसके बाद सर्वे सं. 43/1 द्विविभाजित होकर एवं दक्षिण पश्चिम बिन्दु तक समीपवर्ती उपनिवेश है। इसके बाद रेखा बाहरी सीमा के सर्वे सं. 44/4 के साथ दक्षिण की ओर से अन्कासापुरा और मेदलेरी ग्राम की अंर्त ग्राम सीमा के सर्वे सं. 43/3 एवं 44/4 द्वि-जंक्शन बिन्दु मिलती है। इसके बाद सीमा रेखा मेदलेरी के सर्वे सं. 124, 126 के बाहरी सीमा से होते हुए सर्वे सं. 126, 74 एवं 73 के त्रि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 73, 72, 71 से दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है सर्वे सं. 71 एवं 64 में मिलती है, इसके अतिरिक्त सर्वे सं. 64 की बाहरी सीमा से सर्वे सं. 64 एवं 63 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से होते हुए जाती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 63, 61, 55 से द्विविभाजित होकर दक्षिण पूर्व दिशा में मेदलेरी ग्राम के सर्वे सं. 55 एवं 51 के सामान्य बिन्दु से मिलती है। इसके अतिरिक्त, रेखा सर्वे सं. 51, 50, 421, 420, 417, धारा एवं 418 से द्विविभाजित होकर दक्षिण पूर्व की ओर जाती है सर्वे सं. 418 एवं 342 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है।

इसके बाद रेखा सर्वे सं. 345, 347, 344 द्विविभाजित होकर दक्षिण की ओर से सर्वे सं. 344 एवं 366 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है और इसके अतिरिक्त मेदलेरी ग्राम के सर्वे सं. 356 एवं 357 और यकलासपुरा ग्राम के सर्वे सं. 109 के त्रि-जंक्शन बिन्दु के सर्वे सं. 366, 356 की बाहरी सीमा के साथ जाती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 109, 110 द्विविभाजित होकर दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है सर्वे सं. 110 एवं 106 के सामान्य बिन्दु से मिलती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 106 के उत्तरी भाग पर जाती है एवं इसके अतिरिक्त सर्वे. सं. 113, 114, 117, 118 के बाहरी सीमा के साथ पूर्व की ओर जाकर यह यकलासपुरा के सर्वे सं. 118 एवं 119 के द्वि-जंक्शन बिन्दु पहुँचती है, इसके बाद रेखा सर्वे सं. 119, 120, 142 द्विविभाजित होकर दक्षिण पूर्व की ओर जाती है सर्वे सं. 142 एवं 140 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। बिन्दु से रेखा यकलासापुरा के सर्वे सं. 140, 137, 25, 26 द्विविभाजित होकर दक्षिण पूर्व की ओर दिशा में सर्वे सं. 26 एवं 28 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके अतिरिक्त रेखा यकलासापुरा की सर्वे सं. 28, 29, 30 द्विविभाजित होकर यकलासापुरा ग्राम के सर्वे सं. 30 एवं 38 एवं अरेमाल्लापुरा ग्राम के सर्वे सं. 201 के अंर्त ग्राम सीमा के त्रि-जंक्शन बिन्दु पहँचती है। इसके बाद रेखा अरेमाल्लापुरा के सर्वे सं. 201 एवं 200 द्विविभाजित होकर दक्षिण पूर्व दिशा में सर्वे सं. 200, 193 एवं 194 के त्रि-जंक्शन बिन्दु पहुँचती है। इसके बाद रेखा सर्वे. सं. 194, 196, 181, 179, 176, 175 के बाहरी सीमा के साथ होते हुए सर्वे सं. 175 एवं 167 के द्वि-जंक्शन बिन्दु मिलती है, इस बिन्दु से रेखा सर्वे. सं. 167 एवं 166 द्विविभाजित होकर सामान्य ग्राम सीमा के निर्देशांक उ 14^0 37' 17.81 पू 75^0 46' 17.75 के साथ बिन्दु पहँचती है। इसके बाद रेखा सीधी रेखा में जाकर सर्वे. सं. 334 एवं 335 के द्वि-जंक्शन बिन्दु में अईरानी ग्राम की ग्राम सीमा के निर्देशांक उ 14^0 37' 10.56 पू 75^0 46' 40.40 के साथ बिन्दु पहुँचती है। इसके बाद रेखा अईरानी ग्राम के सर्वे. सं. 335, 350 द्विविभाजित होकर जाती है सर्वे. सं. 350 एवं 347 के द्वि-जंक्शन बिन्दु मिलती है, इसके अतिरिक्त रेखा सर्वे. सं. 347, 348, 349, 343, 342, 218, 217 एवं 218 से दक्षिण पूर्व

दिशा में सर्वे सं. 218 एवं 219 के द्वि-जंक्शन बिन्दु की ओर जाती है, इसके बाद रेखा सर्वे सं. 219, 223, 224, 236 एवं 235 से दक्षिण पूर्व दिशा की ओर अईरानी ग्राम की सर्वे सं. 235, 234 एवं 233 के त्रि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 233, 232, 201 से दक्षिण पूर्व दिशा की ओर जाकर सर्वे सं. 201 एवं 197 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है और इसके अतिरिक्त सर्वे सं. 197, 198, 15 एवं 16 की ओर जाकर धारा के सर्वे सं. 15 एवं 16 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 8, 7 एवं 19 से सर्वे सं. 19 एवं 21 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है और इसके अतिरिक्त रेखा सर्वे सं. 21, 22, 25, 26, 30, 29 एवं 36 के बाहरी सीमा के साथ अईरानी ग्राम के सर्वे सं. 36 के पूर्वी मुख्य बिन्दु की ओर जाती है।

दक्षिण: इस बिन्दु के ऊपर से सीमा रेखा दक्षिण पूर्व दिशा में सर्वे सं. 37,40,135,134,133,132 से होते हुए अईरानी ग्राम के सर्वे सं. 132,144 एवं 145 के त्रि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके बाद रेखा अईरानी ग्राम के सर्वे सं. 145 एवं 146 से होते हुए अईरानी ग्राम के सर्वे सं. 146 एवं 147 एवं अईरानी ग्राम और हुल्लीकट्टे ग्राम की अंर्त ग्राम सीमा के साथ हुल्लीकट्टे ग्राम के सर्वे सं. 100 के त्रि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके बाद रेखा दक्षिण पश्चिम दिशा में हुल्लीकट्टे ग्राम के सर्वे सं. 100 एवं 103 से होते हुए हुल्लीक्ट्टे ग्राम के सर्वे सं. 103 एवं 98 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इस बिन्दु से रेखा द्विविभाजित होकर ग्राम सीमा पर हुल्लीक्ट्टे ग्राम के सर्वे सं. 98 और खानदेरयानाहल्ली ग्राम के सर्वे सं. 6 के द्वि-जंक्शन बिन्दु पहुँचती है। इसके बाद रेखा खानदेरयानाहल्ली ग्राम के सर्वे सं. 6, 5, 4, 3 से होते हुए दक्षिण पश्चिम दिशा में जाती है सर्वे सं. 1 एवं 3 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके अतिरिक्त रेखा खानदेरयानाहल्ली ग्राम के सर्वे सं. 1, 29, 28, 27, 26, 32, 33 एवं 34 से होते हुए पश्चिम दिशा की ओर जहाँ सामान्य ग्राम सीमा पर धारा सर्वे सं. 34 पर द्विभाजित होती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 41,42,43,35 से होते हुए सीधी रेखा में जाती है करुरा ग्राम सर्वे सं. 49 एवं 35 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है, इसके बाद रेखा सर्वे सं. 49, 50, 51 से होते हुए पश्चिम की ओर सर्वे सं. 234 एवं 233 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है और इसके अतिरिक्त सर्वे सं. 233 पश्चिम की ओर बाहरी सीमा पर यह करुरा ग्राम के सर्वे सं. 232 पहुँचती है। इसके बाद रेखा उत्तर पश्चिम दिशा में सर्वे सं. 232 से होते हुए करुरा ग्राम के सर्वे सं. 231/क एवं 232 के जंक्शन बिन्दु से मिलती है। इसके बाद रेखा सर्वे सं. 231/क से होते हुए एवं सीधी रेखा में सामान्य ग्राम सीमा से द्विविभाजित होकर निर्देशांक उ 14⁰ 34' 31.86 पू 75⁰ 43' 31.78" के साथ बिन्दु से मिलती है और इसके अतिरिक्त उत्तर पश्चिम दिशा में निर्देशांक उ 14⁰34'54.69" पू 75⁰ 43' 9.95" पहुँचती है। इसके बाद रेखा सीधी रेखा में होते हुए निर्देशांक उ 14⁰ 35' 6.28 पू 75⁰ 42' 15.76 पहुँच कर और इसके बाद उत्तर पश्चिम दिशा में पुन: सामान्य ग्राम सीमा पर हुनासीकट्टे ग्राम के सर्वे सं. 137 एवं 133 के द्वि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है।

